(a) the total number of Sugar Factories in the co-operative sector, State-wise; and

(b) the amout of money, if any spent on them, factory-wise, in each State by the Central Government ?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF AGRICULTURE (SHRI JAGANNATH PAHADIA): (a) Licenses/letters of intent have so far been issued to 117 cooperatives for establishment of sugar factories; of these, 74 cooperative sugar factories are in production. State-wise information is given in the statement laid on the Table of the House. [*Placed in Library See*. No. LT-527/71]

(b) Upto 31st March, 1970, loans to the extent of Rs. 12.76 crores have been given to the State Governments for contribution to the share capital of 79 cooperative sugar factories by the Central Government through the National Cooperative Development Corporation. Society-wise information is given in the Statement laid on the Table of the House. [*Placed in Library see* No. LT-572/71]

### Area under Sugarcane Cultivation

3634. SHRI D. K. PANDA: Will the Minister of AGRICULTURE be pleased to state:

(a) the total extent of lands brought under sugarcane cultivation, State-wise, and the production there of in tons State-wise for the years 1969-70 and 1970-71;

(b) whether there is substantial reduction of area under sugarcane in 1970-71; and

(c) if so, the reasons thereof ?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF AGRICULTURE (SHRI ANNASAHEB P. SHINDE): (a) to (c). Statement No. 1 showing estimates of area and production of sugarcane for different States for the year 1969-70 is laid on the Table of the House. [*Placed in Library. See* No. LT. 573/71]. Similar date for 1970-71 have not yet become available. However, according to the All-India Second Estimate of Sugarcane for 1970-71, the area under the crop at the preliminary State, shows a marginal increase of 0.6% in the country during 1970-70 over the corresponding estimate for 1969-71. Statement No. II shows the extent of percentage variations according to the Second Estimete in area under sugarcane in different States during 1970-71 over the corresponding Estimate for 1969-70 laid on the Table of the House. [*Placed in Library See* No. LT 573/71]

### मध्य प्रदेश में कृषि फार्म संचार केन्द्र की स्थापना

3635. श्री गंगा चरण दीक्षित : क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या किसानो के साथ प्रभावी सम्पर्क बनाये रखने के लिये विद्यार्थियों को प्रशिक्षण देने हेतु फोर्ड फाउन्डेशन और अमरीकी अन्तरराष्ट्रीय विकास एजेंसी के सहयोग से चौथी पचवर्षीय योजना में मध्य-प्रदेश मे एक कृषि फार्म संचार केन्द्र स्थापित करने का सरकार का विचार है ; और

(ख) यदि हां, तो उसकी मुख्य बातें क्या है ?

कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अण्णा साहिब पी० शिन्दे) (क) और (ख). चौथी पंचवर्षीय योजनावधि के दौरान, मध्यप्रदेश में एक संचार केन्द्र स्थापित करने के बारे में इस समय भारत सरकार के विचाराधीन कोई प्रस्ताव नहीं है। परन्तु

संयुक्त राज्य अन्तर्राष्ट्रीय विकास अभिकरण द्वारा प्रदत्त सहायता से", जवाहर लाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर में "डेवलपिंग एन आपरेशनल कोम्यूनिकेशन सिस्टम" शीर्षक एक परियोजना चल रही है। यह परियोजना नवम्बर, 1968 से चल रही है और 30 जून, 1971 को समाप्त होनी है। इसकी कुल लागत 4,97,200 रुपये है और उसमें से 2,93,400 रुपये संयुक्त राज्य अन्तर्राष्ट्रीय विकास अभिकरण से सहायता के रूप में प्राप्त हुए हैं। इससे कर्मचारियों और विद्यार्थियों को सचार और दृश्य साधनों की आधुनिक पद्धतियों में प्रशिक्षण देने मे सहायता मिलेगी। इस योजना के मुख्य उद्देश्य ये है :—

(1) कर्मचारियों, विद्यार्थियो, कृषको, सामुहिक दलों, सरकारी अभिकरणों तथा जनता के लिये अच्छी शिक्षण सामग्री की रूप-रेखा तैयार करना, उन्हे बनाना तथा उनका मुद्रण करना।

(2) शिक्षण जानकारी के अच्छे संचारण के लिये फलेन्नल-ग्राफस, फिलप-चार्ट, पोस्टर, स्लाईडस, फिल्म स्ट्रिटस और फोल्डर जैसे दृश्य साधन तैयार करना।

(3) विश्वविद्यालय के परिसर कर्मचारियो चल तथा क्षेत्र एककों के लिए उपलब्ध शिक्षण सम्बन्धी सामग्री नियमित सप्लाई बनाये रखना।

(4) विश्वविद्यालय के समस्त अनुगामियों को निरन्तर रूप से आधुनिकतम जानकारी प्रदान करना।

(5) सूचना के क्षेत्र में विश्वविद्यालय की समस्त गतिविधियों के प्रयत्नों का एकीकरण करना।

(6) विश्वविद्यालय के संकाय और विद्यार्थियों को दृश्य-श्रव्य, प्रौद्योगिकी के प्रयोग की तकनीकें सिखाना।

**मध्य प्रदेश में कम्प्रेसरों की कमी**

3636. **श्री गंगा चरण दीक्षित** : क्या कृषि मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या मध्य प्रदेश में नल-कूप लगाने के लिए आवश्यक कम्प्रेसरों की कमी है ;

(ख) यदि हां, तो क्या नल-कूपों के ठीक प्रकार से संचालन के लिए अपेक्षित इस प्रकार के महत्वपूर्ण औजार की कमी का कृषि उत्पादन पर विपरीत प्रभाव पड़ सकता है ; और

(ग) यदि हां, तो इस सम्बन्ध मे सरकार का क्या कार्यवाही करने का विचार है ?

**कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री शेर सिंह)** : (क) जी, हां। मध्य प्रदेश के नलकूप निदेशालय में नलकूपों के विकास के लिए कम्प्रेसरों की कुछ कमी है।

(ख) और (ग). नलकूप निदेशालय, मध्य प्रदेश अतिरिक्त कम्प्रेसरों की खरीद के सम्बन्ध में पहले ही विचार कर रहा है।

**मध्य प्रदेश में डेयरी संयंत्र लगाने के लिये केन्द्रीय सहायता**

3637 : **श्री गंगा चरण दीक्षित** : क्या कृषि मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :